राज्यपाल सचिवालय, बिहार

राजभवन, पटना–800022

अपीलीय प्राधिकार के समक्ष सूचना का अधिकार संबंधी अपील वाद
संख्या–23 (लो0सू0अ0)/2023–24
श्री विक्रम कुमार, जद(यू.) नेता, ग्राम–मंदार डेरू, था0+पो0–घोरैया, जिला–बांका
बनाम
लोक सूचना पदाधिकारी, बिहार राज्य सूचना आयोग, पटना

आदेश की क्रम संख्या एवं तिथि	आदेश फलक	
15.05.2023	श्री विक्रम कुमार, जद(यू.) नेता, ग्राम–मंदार डेरू, था0+पो0–घोरैया, जिला–बांका के माध्यम से एक प्रथम अपील आवेदन दिनांक–09.05.2023 इस कार्यालय में दिनांक–12.05.2023 को प्राप्त हुआ है। उक्त अपील आवेदन के साथ शुल्क के रूप में कोई साक्ष्य संलग्न नहीं किया गया है। अपीलकर्त्ता श्री विक्रम कुमार ने अपने अपील आवेदन में यह सूचित किया है कि उनके द्वारा दिनांक–15.03.2023 को सूचना अधिकार अधिनियम– 2005 के अन्तर्गत सूचना प्राप्त करने हेतु आवेदन श्री राजन सहनी, बिहार राज्य सूचना आयोग, पटना को दिया था, परंतु सूचना लोक सूचना पदाधिकारी बिहार सूचना आयोग द्वारा उपलब्ध कराये गए सूचना से असंतुष्ट होने के कारण अधोहस्ताक्षरी के समक्ष प्रथम अपील दायर किया है। बिहार सूचना का अधिकार नियमावली, 2006 के नियम–3 (परिशिष्ट–1) के अनुसार अपील शुल्क के रूप में रू 10/– (दस रूपए) देय है, जो अपीलार्थी द्वारा अपने अपील आवेदन के साथ संलग्न नहीं किया है और न ही गरीबी रेखा के नीचे बसर करने का कोई साक्ष्य संलग्न किया है। विदित हो कि राज्य सूचना आयोग के लोक सूचना पदाधिकारी के अपीलीय प्राधिकार राज्यपाल सचिवालय में नहीं है। अपीलकर्त्ता द्वारा गलत अपीलीय प्राधिकार के समक्ष प्रथम अपील दायर किया है। उपर्युक्त तथ्यों के आलोक में प्राप्त अपील आवेदन पर अग्रत्तर कार्रवाई की आवश्यकता प्रतीत नहीं होती है। इसे अस्वीकृत किया जाता है। तदनुसार सभी संबंधित को सूचित करें। 15/5/2023 **विशेष कार्य पदाधिकारी** **–सह–** **प्रथम अपीलीय प्राधिकार**	